## खबर संक्षेप

### महिला की लाश मिलने से मची सनसनी

**ढीमरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के सिलोड़ी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम दशरमन में घर पर अकेली रह रही एक महिला की लाश मिलने से सनसनी मच गई। 16 जुलाई की रात अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर 52 वर्षीय नीतू जायसवाल के सिर पर घातक हथियारों से वार करते हुए उसकी निर्मम हत्या कर दी । एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी ने बताया कि महिला के पति जबलपुर में नौकरी करते हैं। घटना 16 जुलाई की रात की है। दूसरे दिन 17 जुलाई को जब महिला रोजाना की तरह घर से बाहर नहीं निकली तब पड़ोसियों को कुछ सन्देह हुआ तब उन्होंने इसकी सूचना उसके पति को दी। दूसरे दिन पति घर पहुंचा तो अंदर का दृश्य देखकर अवाक रह गया। घर के अंदर उसकी पत्नी मृत अवस्था में पड़ी थी। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जांच शुरू कर दी है।

### सरकार ने की गेहूँ के स्टॉ.क की सीमा निर्धारित

**कटनी।** भारत सरकार द्वारा व्यापारियों के लिए लिये गेहूँ के स्टॉक करने की सीमा निर्धारित कर दी गई है। यह सीमा 31 मार्च 2026 तक के लिए निर्धारित की गई है। निर्धारित सीमाथोक विक्रेता 3 हजार मीट्रिक टन तक और रिटेलर 10 मीट्रिक टन तक गेहूँ का भण्डारण कर सकते हैं। इसी तरह चेन रिटेलर के प्रत्येक आउटलेट के लिये 10 मीट्रिक टन की सीमा इस आधार पर निर्धारित की गई है कि सभी आउटलेट पर अधिकतम मात्रा आउटलेटों की कुल संख्या के 10 गुना मीट्रिक टन से अधिक भण्डारित नहीं होना चाहिये। वही प्रोसेसर के लिये स्टॉक की मात्रा उसकी मासिक स्थापित क्षमता के 70 प्रतिशत मात्रा को वर्ष 2025-26 के शेष महीनों से गुणा करने पर आने वाली मात्रा से अधिक नहीं होनी चाहिये।

### कुठिया महगवां में मतदान 22 जुलाई को होगा

**कटनी।** जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत कुठिया महगवां के वार्ड क्रमांक 4 के पंच पद के निर्वाचन हेतु मतदान 22 जुलाई को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। इसके लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के अतिरिक्तक कक्ष को मतदान केन्द्र बनाया गया है। डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्तास ने बताया कि जिले की जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत कुठिया महगवां के वार्ड क्रमांक 4 में पंच पद हेतु विधिमान्य दो अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है।

### छात्रावास में प्रवेश हेतु आज आवेदन की अंतिम तिथि

**कटनी।** शासकीय पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास बरगवां एवं शासकीय पिछड़ा वर्ग पोस्टा मैट्रिक बालक छात्रावास खिरहनी में सत्र 2025-26 में महाविद्यालयीन छात्रों के प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई है। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्प संख्यक कल्याण ने बताया कि प्रवेश हेतु पिछड़ा वर्ग के इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ कार्यालय अधीक्षिका पिछड़ा वर्ग पोस्टे मैट्रिक कन्या छात्रावास बरगवां एलआईसी बिल्डिंग के पीछे एवं कार्यालय अधीक्षक पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास तिलक कॉलेज के पीछे खिरहनी मे कार्यालयीन समय में संपर्क कर 20 जुलाई तक जमा कर सकते हैं।

### स्वच्छता एवं जलभराव की समस्या दूर करने विशेष अभियान

**कटनी।** वर्षा के दौरान नगर के सार्वजनिक मार्गो सहित निचली बस्तियों में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो इस हेतु नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सुचारू सफाई व्यवस्था के तहत मिशन चौक, सुभाष चौक, गोल बाजार,स्‌टेशन रोड, चांडक चौक, बस स्टैंड परिसर,सेल्फी प्वाइंट एवं मुक्ति धाम परिसर सहित नगरीय एवं उप-नगरीय क्षेत्र के विभिन्न मार्गों की सफाई कराई गई।

### सिलौड़ी चौकी क्षेत्र के दशरमन में हुई वारदात, जांच के लिए विशेष टीम गठित

# घर में अकेली महिला की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



सिलौड़ी चौकी क्षेत्र के ग्राम दशरमन में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात हुई एक दिल दहला देने वाली वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया। 52 वर्षीय नीतू जायसवाल की उनके घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। महिला घर में अकेली थी और उनकी रक्तरंजित लाश शनिवार सुबह घर के भीतर पड़ी मिली। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जांच शुरू कर दी गई है।

शनिवार की सुबह जब स्थानीय लोगों ने नीतू जायसवाल के घर से कोई हलचल न होते देखी, तो संदेहवश उन्होंने खिड़की से झांककर देखा और अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। नीतू जायसवाल की लाश खून से लथपथ हालत में घर के अंदर पड़ी थी। घटना की जानकारी मिलते ही सिलौड़ी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जल्द ही ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी और जिले के अन्य उच्चाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे।

#### सिर के पीछे गोली मारने की पुष्टि

प्रारंभिक जांच के अनुसार महिला को सिर के पीछे से गोली मारी गई है, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं। विशेषज्ञों की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। मृतका नीतू जायसवाल का पति जय प्रकाश जायसवाल जबलपुर के खमरिया आयुध निर्माणी में कार्यरत है। उनका एक बेटा इंदौर में नौकरी करता है, जबकि दूसरा भोपाल में कार्यरत है। बताया जाता है कि नीतू अक्सर घर पर अकेली ही रहती थीं। हत्या के पीछे क्या कारण रहे, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रथम दृष्टया मामला लूट, आपसी रंजिश या पारिवारिक विवाद का हो सकता है, लेकिन अभी तक किसी भी थ्योरी की पुष्टि नहीं की गई है।

#### एसपी ने बनाई विशेष जांच टीम

मामले की गंभीरता को देखते हुए कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने विशेष टीम का गठन किया है, जो हत्या के सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है। एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने कहा "घर में अकेले रहने वाली महिला की हत्या की घटना बेहद गंभीर है। इस केस की गहराई से जांच की जा रही है और अपराधियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जांच में कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी।" घटना के बाद गांव दशरमन और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। अकेली महिलाओं और बुजुर्गों में इस हत्या की वारदात से भय व्याप्त हो गया है।

यह घटना पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन गई है क्योंकि हत्या रात के समय हुई, आसपास के लोगों को कुछ पता नहीं चला और कोई प्रत्यक्षदर्शी भी नहीं है। ऐसे में पुलिस को इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों (जैसे मोबाइल कॉल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज आदि) पर निर्भर रहना होगा। नीतू जायसवाल के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है, जिससे पता लगाया जा सके कि घटना के पहले या बाद में किससे संपर्क हुआ। अगर आसपास के क्षेत्र में कहीं सीसीटीवी कैमरे लगे हों तो पुलिस उनसे फुटेज जुटाकर जांच में तेजी ला सकती है।

परिजनों एवं ग्रामीणों ने मांग की है कि इस जघन्य हत्याकांड के दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कठोरतम सजा दी जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ग्राम दशरमन की यह हत्या की वारदात कई सवाल खड़े कर रही है। जन चर्चाओं के अनुसार हमलावर शायद योजनाबद्ध तरीके से महिला को निशाना बनाकर आया था।

# अतिक्रमण हटाने पहुंचे वन कर्मियों पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

वनभूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने पहुँचे वन कर्मियों पर अतिक्रमणकारियों ने हमला कर दिया। अतिक्रमणकारियों ने महिलाओं को आगे किया और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर किया। इतना ही नहीं उन्होंने शासकीय दस्तावेजों को भी फाड़ दिया। मामला ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के बिहरिया बीट की है। शनिवार को वन विभाग का अमला वन भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने पहुँचा था। अतिक्रमणकारियों की मारपीट में घायल हुए वन कर्मियों ने ढीमरखेड़ा पुलिस थाना पहुँचकर प्रकरण दर्ज कराया।

ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र के बिहरिया बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ 301 में ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे अतिक्रमण की रोकथाम के लिए शनिवार को वन विभाग का अमला पहुँचा। वन भूमि पर हो रही पेड़ों की कटाई,सफाई के बाद वन भूमि पर जुताई कर रहे ग्रामीणों को रोककर समझाइश दी। ग्रामीणों से जमीन संबंधी दस्तावेज मांगे, लेकिन ग्रामीणों के पास कुछ भी कागजात नहीं मिले।वन विभाग की समझाईश पर अतिक्रमण करने वाले नहीं माने। वन अमले ने अतिक्रमण करने रोका तो खन्दवारा निवासी लल्लू पिता पुरुषोत्तम बर्मन, रघुवीर पिता सुधराम सिंह,प्रकाश पिता विरन दाहिया,कालू पिता छोटे सिंह और मुकेश पिता पुरुषोत्तम बर्मन वन अमले से बहस करने लगे। ग्रामीणों ने महिलाओं को आगे किया और वन कर्मियों पर लाठी डंडे से मारपीट शुरू कर दिया। गाली गलौज करते हुए शासकीय दस्तावेजों को फाड़ा।

मारपीट के दौरान कार्यवाहक उप वन क्षेत्रपाल खमतरा अशोक कोल, वनपाल उमरियापान रामकुशल मिश्रा,वनरक्षक रामदुलारे मेहरा (बीटगार्ड धनवाही),वन रक्षक रामफल पटेल (बीटगार्ड कटरा),वनरक्षक राजेश शर्मा (बीटगार्ड करौंदी) को चोटें पहुचीं हैं। ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि अतिक्रमणकारियों द्वारा की गई मारपीट में घायल वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा ढीमरखेड़ा पुलिस थाना में पहुँचकर एफआईआर दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि मारपीट करने वालों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने, मारपीट करने की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

**एनकेजे पुलिस ने गश्त के दौरान जुहली मोड़ के पास से महिला को पकड़ा**

# महिला कर रही थी तस्करी, 2.700 किलो गांजा के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



गांजा तस्करी करने पर एनकेजे पुलिस एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुहली मोड़ पर एक महिला को संदिग्ध स्थिति में पकड़ा, जिसके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है। आरोपी महिला की पहचान रेखा सिंह निवासी जुहली के रूप में की गई है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी तभी जुहली मोड़ पर एक महिला संदिग्ध गतिविधियों के साथ खड़ी दिखाई दी। पुलिस दल को देखते ही महिला के व्यवहार में घबराहट देखी गई, जिससे उस पर संदेह हुआ। तत्पश्चात महिला की तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास मौजूद एक पोटली से कुल 2 किलो 700 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया गया। बरामद गांजे की अनुमानित बाज़ार कीमत लगभग 40,000 आंकी गई है। तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया और थाना लाकर पूछताछ शुरू कर दी। मामले में एन.के.जे. पुलिस ने आरोपी महिला के विरुद्ध एनडीपीएस (NDPS) एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

#### गांजा कहां से लाई महिला, पूछताछ

पुलिस द्वारा यह पता लगाया जा रहा है कि महिला यह मादक पदार्थ कहां से लाई थी और इसका वितरण किसे किया जाना था। पुलिस यह भी जानने का प्रयास कर रही है कि इस तस्करी में और कौन-कौन लोग शामिल हो सकते हैं। फिलहाल महिला से गहन पूछताछ जारी है और पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। यह आशंका जताई जा रही है कि महिला किसी गिरोह का हिस्सा हो सकती है, जो गांजे की तस्करी में संलिप्त है। मामले में आगामी दिनों में और भी गिरफ्तारियाँ हो सकती हैं।

### छात्र छात्राओं को वितरित की गई साइकिलें



बड़वारा में शनिवार को क्षेत्रीय विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, अज्जू सोनी, संतोष दुबे, केतन गर्ग, राजेश चौधरी की उपस्थिति में कक्षा नवमी एवं छठवीं के पात्र छात्र-छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य चंदन सिंह धुर्वे, वरिष्ठ शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया, विनोद सिंह, सरिता शर्मा ,अनामिका सोनी ,मधुबाला गर्ग ,करण सिंह ठाकुर, मोहन निगम ,महेंद्र गौतम, शिवानी यादव ,निखिलेश यादव, मनीष विश्वकर्मा, निधि चढ़ार,अनिल अरकरे आदि उपस्थित रहे।

**रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत पाठक वार्ड का मामला, कोर्ट में चल रहा केस**

# घर में किये जा रहे कब्जे का विरोध करने पर वृद्ध महिला से झूमा झटकी, बका लेकर दौड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



किराये के मकान में रहने वाले लोग अब जबरन कब्जा करने पर उतारू हो गए है। खपरैल को हटाकर अब टीन शेड लगाया जा रहा है। विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो रहे हैं।

यह आरोप पाठक वार्ड निवासी वृद्ध महिला कल्पना त्रिपाठी द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत में लगाए गए हैं। पुलिस को दी गई शिकायत में वृद्ध महिला कल्पना त्रिपाठी ने बताया कि कच्चीबाड़ा सीएलपी पाठक वार्ड एक कच्चा मकान बना हुआ है जिसमें काफी सालों से एक किरायेदार परिवार निवास कर रहा। किरायेदार द्वारा न तो किराया दिया जा रहा है और न ही मकान खाली कर रहे हैं। अकेली वृद्ध महिला होने के चलते किरायेदार अब उक्त घर को हथियाने का प्रयास कर रहे हैं। खपरैल को हटाकर टीन शेड लगाया जा रहा था। मकान मालिक वृद्ध महिला कल्पना ने जब इसका विरोध किया तो उनके साथ झूमा झटकी की गई साथ ही मारने के लिए बका लेकर दौड़े। लोगों ने बीच बचाव किया, इसी बीच धक्का लगने से वृद्ध महिला नीचे गिर गई। कल्पना त्रिपाठी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसकी जान को खतरा बना हुआ है। पीड़ित वृद्धा का कहना है कि कोर्ट में केस भी विचाराधीन है बावजूद इसके किरायेदार कच्चे मकान का छप्पर हटाकर टीन शेड लगाकर कब्जा का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित महिला ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

**महापौर एवं निगमायुक्त ने सदस्यों को प्रदान किये प्रशस्ति पत्र**

# महापौर एवं निगमायुक्त ने स्नातकोत्तर छात्रों की टीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



योजना एवं वास्तुकला विघालय भोपल (एस.पी.ए.) के प्रोफेसर डॉं मयंक दुबें एवं एम.प्लान (ट्रांसपोर्ट प्लानिंग एंड लॉजिस्टिक मैनेजमेंट) कार्यक्रम के तहत 12 स्नातकोत्तर छात्रों की टीम द्वारा शहरी गतिशीलता रणनीति पर साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्कूल का सफलता पूर्वक आयोजन नगर निगम के सहयोग संपन्न हुआ।

आयोजन समाप्ति के पश्चात नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा टीम के प्रोफेसर डॉ मयंक दुबे के साथ देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये 12 स्नातकोत्तर छात्रों का सम्मान कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

विदाई समारोह के दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू,डॉ रमेश सोनी, एडवोकेट सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद राजेश भास्कर,श्रीमती प्रभा गुप्ता,उपायुक्त शैलेंद्र गुप्ता,प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक,प्रभारी सहायक यंत्री आदेश जैन,सुनील सिंह,सागर नायक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में महापौर श्रीमती सूरी एवं निगमायुक्त श्री दुबे सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने छात्रों को कम समय में कटनी शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने सहित सड़क डिज़ाइन, चौराहों के सुधार,सार्वजनिक परिवहन मार्ग,पार्किंग रणनीति तथा नई बुनियादी संरचनाओं हेतु प्रस्तुत किए गए महत्वपूर्ण सुझावों की सराहना की जाकर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की गई।

प्रोफेसर डॉ मयंक दुबे द्वारा विदाई समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को नगर विकास हेतु किए जाने वाले इस कार्य के दौरान सकारात्मक सहयोग प्रदान के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### ग्रामीण अंचलों में भी धीरे-धीरे खत्म हो रही परंपरा

# अब सुनाई नहीं पड़ते सावन के कजरी गीत, न ही नजर आते झूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



पवित्र सावन मास चल रहा है। सावन मास के आंनद की जो अनुभूति बहुत समय देखने को मिलती थी वह अब नजर नही आती है। बहुत समय पहले तक बदरा छाए के झूले पड़ गए हाय, कि मेले सज गए, मच गई धूम रे, ओ आया सावन झूम के जैसे गीत सावन में झूले, तन-मन के रोमांच से लेकर प्रकृति की सुंदरता को बयां करते थे लेकिन वर्तमान समय के संग अब धीरे धीरे सावन गीतों विलुप्त हो रही है। हर साल सावन आता है, घनघोर घटाएं छाती हैं, लेकिन पेड़ों पर झूले नजर नहीं आते। ना कजरी की मीठी तान सुनाई पड़ती है । अब सब आधुनिक हो गया है।

ग्रामीण इलाको में न तो पहले की तरह बाग रहे न ही झूला पसंद करने वालीं युवतियां और महिलाएं। अब तो हालत ये है कि नव विवाहित महिलाएं भी सावन में अपने पीहर नहीं आतीं। इसलिए न तो विरह के गीत सुनाई पड़ते हैं, न ही झूलों को सावन के आने का इंतजार रहता है।

#### कजरी गीत कराते थे सावन की अनुभूति

दो दशक पहले तक जब गांव-मुहल्लों से कजरी के गीत कानों में गूंजने लगते थे तो सावन मास के आने का अहसास हो जाता था। युवतियां और महिलाएं मेहंदी रचाकर, कजरी गीत गाकर झूला झूलती थीं। विवाहित महिलाएं सावन की शुरुआत में ही पीहर आ जाती थीं।

स्लीमनाबाद ब्राह्मण पुरा निवासी मनोरमा त्रिपाठी बताती हैं कि उस समय तकरीबन हर मोहल्ले में एक न एक पेड़ तो ऐसा होता ही था जहां झूला पड़ जाता था। सामान्य तौर पर झूला नीम और आम के पेड़ पर डाला जाता था। धीरे-धीरे पेड़ घटते गए और लोगों के मन का रोमांच भी खत्म हो गया लेकिन अब जो पेड़ हैं भी उन पर झूले नहीं पड़ सकते।

#### संस्थाए करती हैं औपचारिकता

स्लीमनाबाद निवासी मनोरमा त्रिपाठी, उपमा त्रिपाठी,सरिता त्रिपाठी, कृष्णा तिवारी ने बताया कि अब सावन के झूले कहीं नजर नही आते। इसके विपरीत साधन संपन्न लोग अपने बगीचों और बरामदों में लकड़ी, बांस और लोहे आदि से बने झूले रखते हैं। इन झूलों के लिए न तो सावन का इंतजार किया जाता है ओर न ही सिर्फ सावन मैं इन पर बैठा जाता है।

कुछ संस्थाएं सावन में एक-दो दिन आयोजन करके झूला उत्सव करके इस याद को ताजा रखती हैं कि सावन में झूला भी झूला जाता है।बल्कि सावन माह के कजरी गीत जरूर कही कही सुनाई देते है।

स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा सावन माह में प्रतिदिन रामचरित मानस पाठ आयोजित किया जाता है।उसी कार्यक्रम मे सावन के कजरी गीतों का गायन किया जाता है।



# जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों का निरीक्षण कर दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने एवं शासन की योजनाओं के व्यवस्थित संचालन हेतु स्कूटलों के सतत निरीक्षण के निर्देश दिये गए हैं। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह द्वारा जिले की 5 स्कूलों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बचैया, शासकीय उच्चदतर माध्यि‍मक विद्यालय मुरवारी, शासकीय हाई स्कूसल पिंडरई, शासकीय उत्कृ‍ष्टे विद्यालय माधवनगर तथा उच्चतर माध्यकमिक विद्यालय एनकेजे का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान स्कूलों में कक्षाओं का व्यवस्थित संचालन पाया गया। साथ ही नामांकन, मैपिंग, पुस्तक वितरण, साइकिल वितरण तथा अन्य शासकीय योजनाओं का व्यावस्थित क्रियान्वियन पाया गया। इन स्कूवलों में जाति एवं आधार का कैंप भी लगाया गया है। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने शिक्षक डायरी बनाने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### पैरालीगल वालेंटियर हेतु 28 जुलाई तक जमा होंगे फॉर्म

**कटनी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी एवं तहसील विधिक सेवा समिति बरही, ढीमरखेडा एवं विजयराघवगढ़ में एक वर्ष की अवधि हेतु पैरालीगल वालेंटियर की नियुक्ति की जानी है। इसके के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आवेदन मंगाये जा रहे हैं। इच्छुीक सेवारत या सेवानिवृत्त अध्यापक, वरिष्ठ नागरिक, सेवानिवृत्त लोक सेवक, एम.एस.डब्ल्यू छात्र, अध्यापक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक, छात्र, स्वयंसेवी (अराजनैतिक) संगठन के सदस्य, महिला समूह या संगठन के सदस्य कार्यालय से प्राप्त निर्धारित प्रारूप-''अ'' के माध्यकम से 28 जुलाई तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर कटनी में आवेदन जमा कर सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के व्यावहार न्यानयाधीश एवं सचिव सुमित शर्मा ने बताया कि लोक हित में पैरालीगल वालेंटियर के रूप में किए जाने वाले कार्य के लिए समय-समय पर निर्धारित मानदेय के अतिरिक्त कोई वेतन या पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा और यह पूर्णतया स्वै च्छिक एवं स्वयं सेवा के रूप में होगा। पैरालीगल वालेंटियर का चयन साक्षात्कार बोर्ड द्वारा किया जाएगा। जबकि अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी का निर्णय अंतिम होगा। इसके अलावा चयन के संबंध में कोई आक्षेप ग्रहण नहीं किया जाएगा।

### सृजन का सहायक प्रबंधक पद पर चयन

**कटनी।** आयुध निर्माणी कटनी मे



सेवारत नागेंद्र नाथ शाह के पुत्र सृजन कुमार शाह को भारतीय स्टेट बैंक ऑफ में सहायक प्रबंधक के पद पर चयन हुआ है। एसबीआई में सहायक प्रबन्धक के पद पर उन्हें नेवी मुंबई शाखा पर रखा गया है। चयन होने से माँ श्रीमती सुनीता शाह, भाई ऋषभ शाह, रामनाथ शाह, अरविंद सिंह धुर्वे, सोहन लाल चौधरी, धर्मेन्द्र गुप्ता, सतीश गुप्ता, अजीत नारायण, हरी लाल रैदास आदि ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### पिछले साल से 201.8 फीसदी अधिक औसत वर्षा

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शनिवार 19 जुलाई तक कुल 606 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 770.3 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 200.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 201.8 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख हर्षवर्धन रामटेके ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 624.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 770.3 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 502 मिलीमीटर, बरही तहसील में 468 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 603.3 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 564.5 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 767 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 546.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### संरक्षण समिति एवं वन स्टॉप सेंटर समन्वय समिति की बैठक 21 को

**कटनी।** जिला बाल कल्यामण एवं संरक्षण समिति एवं वन स्टॉप सेंटर समन्वंय समिति की बैठक का आयोजन सोमवार21 जुलाई को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्य क्षता में समय-सीमा बैठक के उपरांत नवीन सभाकक्ष में की जाएगी। इस बैठक में बाल संरक्षण, बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम, पीएम केयर फॉर चील्ड्रेन योजना, वन स्टॉ प सेंटर प्रकरण, महिला हेल्पोलाइन शिकायतों जैसे अन्य महत्वुपूर्ण बिन्दुकओ पर चर्चा एवं समीक्षा की जायेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने इस बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

---

खतरों के साये में गढ़ा जा रहा विद्यार्थियों का भविष्य, जर्जर भवन दे रहा हादसों को न्यौता

# बारिश के चलते भरभरा कर गिरा किचिन शेड का छत, हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



शिक्षा के लिए भवन सबसे आधार भूत जरूरत मानी जाती है, लेकिन जब पढने के लिए विद्यार्थी स्कूल पहुंचें और उनका सारा ध्यान जर्जर स्कूल की बिल्डिंग पर ही लगा रहे तो ऐसे में शिक्षा का स्तर क्या होगा। शासन जिले स्तर पर खुद ही जर्जर स्कूलों के आंकड़े मंगवाता है, लेकिन उन्हें नए भवन मुहैया करवाने की ओर ध्यान नहीं देता।

ऐसा ही एक मामला बहोरीबंद विकासखण्ड की शासकीय प्राथमिक शाला दुहतरी का सामने आया है।जहां प्राथमिक शाला भवन जर्जर स्थिति मे है जिस कारण खतरों के बीच विद्यार्थियों को अध्ययन करना पड़ रहा है। जर्जर भवन से हादसे का खतरा बना हुआ है। हाल ही में हुई बारिश से उक्त जर्जर भवन के छत से पानी का रिसाव हो रहा है।साथ ही जगह-जगह प्लास्टर उखड़ने लगा है।जिससे विद्यार्थियों को स्कूल परिसर मैं हादसे का खतरा बना हुआ है जिससे डर सता रहा है कि कही जर्जर भवन किसी भी समय जमीदोंज न हो जाये जिससे कोई घटना घटित हो जाये।

#### रात में गिरी किचन शेड की छत

शासकीय प्राथमिक शाला दुहतरी मै स्कूल भवन के बाजू से मध्यान्ह भोजन बनाने बना किचिन शेड की छत बीती रात भरभराकर गिर गई। गनीमत यह रही कि रात के वक़्त किचिन शेड का छत क्षतिग्रस्त हुआ जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हो सका। यदि यही हादसा स्कूल संचालन के समय होता तो बड़ा हादसा घटित हो जाता। किचिन शेड की छत गिरने से रखा हुआ समान नष्ट हो गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक सुनील कुर्मी ने किचिन शेड की छत गिरने की जानकारीग्राम पंचायत सरपंच व संकुल प्राचार्य को दी।

#### स्कूल भवन जर्जर : सरपंच

इस संबंध में सरपंच सुखचैन प्रजापति का कहना था कि दुहतरी स्कूल भवन भी जर्जर है। वर्षा काल के समय से पानी का रिसाव होता है, साथ ही छत का प्लास्टर भी उखड़ रहा है। स्कूल भवन की बिल्डिंग 20 से 25 साल पहले बनी थी।

नए स्कूल भवन का निर्माण हो इसके लिए शिक्षा विभागीय के अधिकारियो को पत्राचार किया जा चुका है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है

#### इनका कहना है

इस संबंध में बीआरसीसी प्रशांत मिश्रा का कहना है कि शासकीय प्राथमिक शाला दुहतरी के किचिन शेड भवन के छत का कुछ हिस्सा टूटकर गिरने की जानकारी मिली है। स्कूल का निरीक्षण किया जायेगा ओर मध्यान्ह भोजन व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए व्यवस्था बनाई जाएगी साथ ही विकासखंड के जो भी स्कूल भवन जर्जर है उनकी सूची सर्व शिक्षा अभियान के उपयंत्री के माध्यम से बनवाकर जिले में भेज दी गईं है।

---

# नशे में था बाइक चालक रखा था चाकू, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आदतन अपराधिक प्रवृत्ति के लोगो एवं गुण्डा बदमाशो के उपर निगाह रखने हेतु निर्देशित किया गया है एवं चलाये जा रहे अभियान 10 बजे से 12 बजे तक सडक दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाने हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वालो विरुद्ध वाहन चैकिंग लगाने के निर्देश दिये गये थे जिसके परिपालन में अति पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियो एवं वाहन चैकिंग कार्यवाही की जा रही है।

गत रात को दुर्गा चौंक मे वाहन चैकिंग लगाया गया। वाहन चैकिंग दौरान एक मोटर साईकिल क्रं. MP 21 MP 7982 के चालक को रोका गया एवं चालक को ब्रीथ एनालाईजर से चेक किया गया जिसमे शराब का सेवन करना पाया गया एवं तलाशी लेने पर चालक से एक धारदार चाकूनुमा हथियार मिला जिससे पुलिस कब्जा लिया गया। चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम पीयूष विश्वकर्मा पिता मूलचन्द्र विश्वकर्मा जिवारा थाना वि.गढ. जिला कटनी का होना बताया चाकू के संबंध मे पूछताछ किया गया जो संतोष जनक उत्तर न देने से आरोपी के कब्जे से प्राप्त चाकू जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया आरोपी के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट एवं एम. व्ही. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी को न्यायालय पेश किया जाता है।

पुलिस कार्यवाही में विशेष भूमिका थाना प्रभारी उनि अनिल यादव, सउनि केवल उईके, प्र.आर. शैलेष दमोहिया, आर. राजेश काछी की रहीं।

---

बरही पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति अभियान, किया गया जागरूक

# आटो चालकों को नशा नहीं करने दिलाई शपथ, ठेल-टपरों वालों को दी गई हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



नशा मुक्ति अभियान के तहत थाना प्रभारी बरही ने शनिवार को ऑटो चालकों को नशे से दूर रहने की हिदायत भी और शपथ भी दिलाई। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने अपनी टीम के साथ नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया एवं थाना क्षेत्र के ग्राम गुहावल शासकीय स्कूल गुहावल के आसपास मौजूद पान ठेले वालों एवं टपरे वालों, तंबाकू विक्रेताओं को सख्त लहजे में बच्चों को नशे का सामान न बेचने की हिदायत दी। मेला ग्राउंड बरही में करीबन 100 ऑटो चालकों को एकत्रित कर नशे से दूर रहने हेतु हिदायत दी एवं शपथ भी दिलाई गई

गौर है कि पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे 15 दिवसीय नशा मुक्ति अभियान के तहत लोगों को नशे से दूर रहने एवं समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में बरही पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में पूर्व में भी अभियान को सफल बनाने के लिए आर सी स्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल डोकरिया हाईस्कूल , गैर तलाई हायर सेकेण्डरी स्कूल बरही में बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी गई एवं उन्हें व उनके परिजनों को नशे से दूर रहने की समझाइश दी गई।

जागरूकता के साथ सतर्कता बरतते हुए स्कूल स्टाफ एवं बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई एवं आज यह भी प्रयास किए गए की स्कूल के आस पास मौजूद ठेले पान टपरों या फिर अन्य दुकानों से बच्चों को नशे का सामान न बेचा जाए।इसके साथ ही अभियान के दोरान झुग्गी झोपड़ी बस्ती में भी नशा न करने के संबंध में जागरूक किया गया।

बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने कहा कि पुलिस मुख्यालय की मंशा के अनुरूप पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर अभियान चला कर जन जागरूकता फैलाने के प्रयास बरही पुलिस के द्वारा किए जा रहे हैं।

---

## आईजी ने बैठक में पुलिस अधिकारियों से चर्चा कर दिए निर्देश



पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन जबलपुर प्रमोद वर्मा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज जबलपुर अतुल सिंह ने गत दिवस कटनी जिले का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आई.जी. ने जिला पुलिस कार्यालय, एवं पुलिस लाइन का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं, लंबित प्रकरणों की स्थिति, रिकॉर्ड संधारण, स्टाफ की उपस्थिति आदि का अवलोकन किया। निरीक्षण के पश्चात आई.जी. एवं डीआईजी महोदय ने पुलिस अधीक्षक कटनी एवं अन्य राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, नशा मुक्ति अभियान एवं जनसामान्य से जुड़ी पुलिस सेवाओं की गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, बेहतर सामुदायिक पुलिसिंग तथा आमजन में विश्वास निर्माण के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए ।इस अवसर पर आई.जी. ने पुलिस अधीक्षक कटनी व्दारा स्थापित नवाचार व्यवस्था स्कैन करें – फीडबैक भरें , जनसुनवाई अतंर्गत एक मंच पर जनता-पुलिस सीधा संवाद व्यवस्था, सप्ताह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मीयो का सम्मान एवं पुरस्कार योजना, पुलिस के व्यवहार के फीडबैक आधार पर थानों की रैंकिंग नवाचार की सराहना की । एवं पुलिस कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं संवेदनशीलता के साथ जनसेवा हेतु प्रेरित किया।

---

# विद्युत पोल खड़ा कर 20 गांव की बिजली चालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



विद्युत वितरण केंद्र अमाडी के उपकेंद्र अमाड़ी से निकलने वाला उच्च लोडेड 11 केवी फीडर बसाड़ी घरेलु जिसकी सप्लाई बनेहरी गोपालपुर जंगल से होते हुए बरही डी सी के अंतर्गत आने वाले गांव परसवारा, बहिरघटा और घोघरी तक जाती है जिसमे आज अति वृष्टि के कारण मिडरा से सलहना के बीच मे 11kv का बिधुत पोल जमींदोज हो गया था जिसकी जानकारी गांव के नागरिक द्वारा क्षेत्रीय लाइनमैन तिलकराज और शैलेन्द्र सोनी को दीं गईं और उनके द्वारा कनिष्ठ अभियंता पंकज सिंह धुर्वे को तुरंत मोबाइल के माध्यम से जानकारी दी गई। विद्युत वितरण केंद्र अमाडी के कनिष्ठ अभियंता अधिकारी द्वारा सभी मुख्यालय ( काँटी, मझगवां, अमाड़ी और बसाडी ) के प्रभारियों के और उनके सहयोगी कर्मचारियों को लेकर मौका स्थल पर पहुंच कर सरपंच विकाश पाल और ग्रामीण किसानों के साथ मिलकर कम समय मे लगभग 20 गांव की विधुत आपूर्ति बहाल कराई गईं ।

कनिष्ठ अभियंता द्वारा बताया गया कि ग्राम मिडरा से सल्हना के बीच पड़ने वाले खेत में किसानों के द्वारा रोपा लगाए जाने के कारण वह पर किसी भी प्रकार की डिगर और क्रेन की मदद ले पाना संभव नहीं था। जिससे वहां पर 11केवी पोल खड़ा कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की बहुत ही बड़ी चुनौती थी। जिसमें समस्त कर्मचारियों एवं ग्रामीण किसानों के मदद से उस चुनौती से निपटने में मदद मिली।

कार्य करने के दौरान कनिष्ठ अभियंता पंकज सिंह धुर्वे, लाइनमैन बद्री प्रसाद विश्वकर्मा, तिलकराज ब्राह्मण, अकील खान, देवीदीन साहू, शैलेन्द्र सोनी, रविकांत पांडेय, पुष्पराज सिंह, प्रवीण, मुकेश की भूमिका रही।

---

जिम्मेदारों की अनदेखी से बच्चों को कराया जा रहा खतरे का सफर

# नियमों को दरकिनार कर ऑटो व ई रिक्शा में बच्चों को ठूंसकर बैठाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



निजी एवं शासकीय स्कूल जाने-आने में छोटे बच्चे रोज जोखिम भरा सफर कर रहे हैं। ई रिक्शा, टेंपो और ऑटो में बच्चों को ठूंसकर बैठाया जा रहा है, जबकि ये स्कूली वाहन की श्रेणी में नहीं आते हैं। तहसील के विभिन्न मार्गों पर, जनपद कार्यालय, पुलिस थाना, तहसील कार्यालय के सामने ऐसे दृश्य आम हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठा है।

हालात यह हैं कि कई बच्चे चलते वाहन में झपकी लेते नजर आते हैं, जिनके गिरने की आशंका बनी रहती है। बड़वारा तहसील में बड़ी संख्या में ऐसे वाहन संचालित हो रहे हैं जो मानकों का पालन नहीं कर रहे है। इनमें से अधिकतर - रिक्शा, टेंपो, मैजिक हैं। इन वाहनों में न जाली है, न फर्स्ट एड बॉक्स और न ही कोई सहयोगी स्टाफ।

अधिकांश अभिभावक विवश होकर इन वाहनों का सहारा ले रहे हैं, क्योंकि स्कूल प्रबंधन की ओर से परिवहन की सुविधा नहीं दी गई है और यदि दी भी गई है तो मनमानी तरीके से अभिभावकों के बजट से ऊपर वाहन की फीस ले रहे है।

#### इस तरह देखे गए नजारे

एक ऑटो में 15 छात्राएं और दो छात्र बैठाए गए थे। कुछ छात्र बाहर की ओर लटकते दिखे, जिससे खतरा बना हुआ था।

ऑटो के दोनों तरफ बच्चे लटके हुए नजर आए। ओवरटेक के दौरान हादसे की संभावना बनी रहती है।

ऑटो में पीछे अतिरिक्त सीट लगाकर बच्चों को बैठाया गया, लेकिन कोई सुरक्षा जाली नहीं लगी।

बड़वारा के विभिन्न मार्गों पर दौड़ रहे ई रिक्शों में बैठे बच्चों की सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं दिखे। कुछ वाहनों में आगे बच्चों को बैठाया गया था, जिसकी वजह से चालक ठीक से हैंडल तक नहीं मोड़ पा रहे थे। स्कूल वाहनों में दाईं ओर एंगल लगाना अनिवार्य है, ताकि बच्चे बाईं ओर से उतरें, लेकिन अधिकांश ई रिक्शा में यह एंगल नहीं पाया गया।

#### इनका कहना है

इस संबंध में थाना प्रभारी केके पटेल का कहना है कि यदि ऑटो चालकों के द्वारा ऑटो में छात्र छात्राओं को ओवर लोड भरकर चलाया जा रहा है तो यह गम्भीर विषय है, ऑटो चालकों को क्षमता से अधिक छात्र छात्राओं को न बैठाने की चेतावनी दी जाएगी यदि फिर भी भी मानेंगे तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

महापौर एवं कलेक्टर की मौजूदगी में शहरी यातायात के लिए कार्यशाला

# शहरी गतिशीलता रणनीति के विभिन्न बिंदुओं पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शहरी गतिशीलता रणनीति (अर्बन मोबिलिटी प्लानिंग ) हेतु महापौर श्रीमती प्रीति सूरी तथा कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। ज्ञातव्य हो कि योजना एवं वास्तुकला विद्यालय भोपाल (एस.पी.ए.) भोपाल के प्रोफेसर डॉ मयंक दुबे एवं एम.प्लान (ट्रांसपोर्ट प्लानिंग एंड लॉजिस्टिक मैनेजमेंट) कार्यक्रम के 12 स्नातकोत्तर छात्रों की टीम ने 12 जुलाई सें 18 जुलाई 2025 तक कटनी शहर के लिए शहरी गतिशीलता रणनीति पर एक सप्ताह का सफलतापूर्वक आयोजन नगर निगम के सहयोग से किया गया।

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय की टीम ने कटनी शहर की अर्बन मोबिलिटी पर पी.पी.टी के माध्यम से प्रेजेंटेशन दिया ।जिसमें कोर एरिया सर्कुलेशन और चुनौतियां , यातायात भीड़ को प्रबंधित करने, पैदल यात्री स्थान में सुधार सडक डिजाइन सडक सुधार करना परिवहन के लिए नई सड़कों, फ्लाई ओवर, पार्किंग प्रबंधन, टर्मिनल डिपो, माल ढुलाई , बसों एवं ई-रिक्शा के लिए मार्ग , बस स्टॉप एवं लास्ट माइल कनेक्टिविटी, रोड सेफ्टी के अंतर्गत जंक्शन में सुधार इत्यादि विषयों पर अपने अध्ययन कर सुझाव दिये गये।

स्कूल ऑफ प्लानिंग आर्किटेक्चर भोपाल के प्रोफेसर मयंक दुबे एवं एम.प्लान (ट्रांसपोर्ट प्लानिंग एंड लॉजिस्टिक मैनेजमेंट) कार्यक्रम के स्नातकोत्तर छात्रों द्वारा कटनी शहर के लिए सड़क डिजाईन चौराहों में सुधार सार्वजनिक परिवहन मार्ग,पार्किंग रणनीति, नई बुनियादी संरचना माल ढुलाई और रसद प्रबंधन और नागरिकों के लिए गतिशीलता समाधान हेतु योग्य सुझाव तैयार किये गये है जिससे कटनी शहर के लिए निकट भविष्य में एक व्यापक गतिशीलता योजना (सी.एम.पी.) तैयार करने के लिए एक विजन दस्तावेज तैयार किया जायेगा।

कार्यशाला के दौरान कलेक्टर श्री यादव द्वारा किन्हीं दो लोकेशन पर फुटपाथ बनाने एवं पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये है। इसके अतिरिक्त नगर निगम की तकनीकी टीम को कैपेसिटी बिल्डिंग हेतु अन्य शहरों में अध्ययन के लिए भेजे जाने के निर्देश दिये गये । बैठक में महापौर श्रीमती सूरी द्वारा शहर के चौराहों को व्यवस्थित करने पार्किंग व्यवस्था, प्रियदर्शनी बस स्टैंड को व्यवस्थित कर पी.पी.पी. मॉडल पर निर्माण करने का सुझाव भी प्रदान किया गया ।

कार्यशाला में आयुक्त नगर निगम द्वारा कटनी- शहडोल रोड पर कनेक्टिविटी हेतु रिंग रोड बनाने एवं भारी वाहनों के लिए क्षेत्रीय बस स्टैण्ड खिरहनी क्षेत्र में बनाये जाने के भी सुझाव प्रदान किये गये।

कार्यशाला के दौरान निगमायुक्त नीलेश दुबे, राहुल पाण्डेय यातायात प्रभारी , शैलेश गुप्ता उपायुक्त नगर पालिक निगम कटनी, कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सहायक यंत्री सुनील सिंह, योगेश पवार सी.ओ.ओ.लोक परिवहन , अनिल जायसवाल, आदेश जैन ,उपयंत्री अश्वनी पाण्डेय, संजय मिश्रा , जेपी.सिंह बघेल आदि मौजूद है।

---

# गुरू-शिष्य परंपरा के महत्व को दर्शान वृत्तचित्रों का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जुलाई माह की गतिविधियों के अंतर्गत "गुरु-शिष्य संबंध" विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को दर्शाने वाले वृत्तचित्रों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में मां सरस्वती की आराधना के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने अपने उद्बोधन में गुरु-शिष्य संबंधों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए भगवान श्रीकृष्ण और सांदीपनी ऋषि के संबंधों का उदाहरण प्रस्तुत किया।

उन्होंने उपस्थित छात्राओं और स्टाफ से इस पवित्र परंपरा से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुरु न केवल ज्ञान का संचार करते हैं, बल्कि शिष्य के जीवन को नैतिकता और संस्कारों से समृद्ध करते हैं। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. साधना जैन ने अपने वक्तव्य में गुरु की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि गुरु ही वह प्रकाश है जो शिष्य को अंधकार से बाहर निकालकर बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक विकास की ओर ले जाता है। उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा को भारतीय संस्कृति की आधारशिला बताया और इसके महत्व को आधुनिक संदर्भ में भी प्रासंगिक ठहराया। कार्यक्रम के दौरान श्रीकृष्ण-सांदीपनी ऋषि, द्रोणाचार्य-एकलव्य, और आरुणि के जीवन से संबंधित प्रेरक वृत्तचित्रों का प्रदर्शन किया गया, जिन्होंने उपस्थित लोगों में इस परंपरा के प्रति गहरी समझ विकसित की। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. अशोक शर्मा ने किया।

खबर संक्षेप

## अधेड़ हरिजन मजदूर पर दबंगों ने किया लाठी कुल्हाड़ी से हमला

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बनेहरी कला निवासी रमेश अहिरवार पिता सुंदरलाल अहिरवार उम्र 50 वर्ष ने जिला अस्पताल पन्ना में उपचार के दौरान जानकारी देते हुए बतलाया कि विगत रात्रि 18 जुलाई के 8रू00 बजे वह अपने घर के पास था तभी गांव के ही भूरा यादव जयकरण यादव लक्ष्मी यादव आए और बोले चलो मुर्गा खरीदने रसूल अली के घर के पास जाना है। वहां पर रमेश अहिरवार उनके कहने पर साथ चला गया। जहां पर मुर्गा की दुकान बंद थी तभी तीनों भूरा यादव जयकरण यादव लक्ष्मी यादव ने लाठी डंडा और कुल्हाड़ी से रमेश अहिरवार की बेरहमी से मारपीट कर दी है। जिससे रमेश अहिरवार के सर पर एवं हाथ में गंभीर चोटे आई हैं। घायल हुए रमेश अहिरवार को थाना अजयगढ़ ले जाया गया, जहां पर पीड़ति मजदूर द्वारा घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। चोटे गंभीर होने के कारण घायल हुए रमेश अहिरवार को उपचार हेतु जिला अस्पताल पन्ना रिफर किया गया है। रमेश अहिरवार का जिला अस्पताल पन्ना में उपचार जारी है। घटना पर थाना अजयगढ़ पुलिस ने प्राथमिक सूचना दर्ज कर घटना से संबंधित जांच कार्यवाही शुरू कर दी है। घायल हुए मजदूर ने बताया कि आरोपी गण काफी दबंग प्रवारती के हैं और वह भविष्य में बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं।

### नर्मदा लाइन के कई वार्डो में नहीं पहुंचने के कारण ही उत्पन्न हुई दूषित पानी की समस्या

# नर्मदा जल योजना सार्थक नहीं, कई दिन तक रहती है बंद

### नर्मदा लाइन वालों का सिस्टम है फेल- सीएमओ वार्ड मैं चल रही टैंकरों से सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर में कई जगह दूषित पानी की वजह से कई लोग उल्टी दस्त पेट दर्द से परेशान हैं वहीं अनेक वार्डों में लोगों को बरसात में पानी तक प्राप्त नहीं हो पा रहा है अनेक बॉर्डों में पानी की काफी समस्या आ गई है जिसकी चलते पानी टैंकरों से सप्लाई चल रही है हालांकि एक राहत देने वाली खबर यह है कि उल्टी दस्त के मरीजों में कमी आ गई है नगर परिषद की विद्यानगर में होने वाली सप्लाई में मोटर जल जाने के कारण 5--6 दिनों से लोगों को पानी प्राप्त नहीं हो रहा है जिसके चलते वार्डों की महिलाएं नगर परिषद में जाकर खरी खोटी भी सुनाई है विद्यानगर सरस्वती स्कूल के पास कई महिलाओं ने जल सप्लाई व्यवस्था के प्रति अपना आक्रोश जाहिर किया है वहां पानी वाली मोटर लगभग 5 दिन से खराब है वही इस समय वार्ड क्रमांक 3,4,5 ,8, 9, 10 में टैंकरों से पानी भिजवाया जा रहा है

### लगभग 31 करोड़ रुपया खर्च होने के बाद भी नहीं मिल रहा पानी

नर्मदा जल जबलपुर जिले की लम्हेटाघाट से तेंदूखेड़ा नगर तक 2023 मैं पहुंचा है। इस योजना से नगर वासियों को काफी उम्मीद जागी थी कि अब उन्हें मां नर्मदा का पानी शुद्ध फिल्टर होकर प्रतिदिन 24 घंटे प्राप्त होगा लेकिन 24 घंटे तो दूर 1 घंटे भी लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण नगर परिषद को अलग से व्यवस्था करनी पडी है इस व्यवस्था के कारण पुरानी पाइप लाइनों का सहारा भी लिया गया है सबसे बड़ी हैरानी की बात है कि नगर की 70% लोग नर्मदा जल का तो 30% लोग बोर एवं कुँओ की सप्लाई से पानी ले रहे जहां नर्मदा लाइन का पानी नहीं पहुंच रहा है वहां 20 साल पुराने जंग लगे लीकेज पाइपों से दूषित पानी भी लोगों के घर में पहुंच रहा है और इस पानी को पीकर लोग बीमार हो रहे हैं वही नर्मदा जल लोगों के घर-घर पहुंचाने वाली लगभग 31 करोड़ की जल प्रदाय योजना के अंतर्गत नगर में दो पानी की टंकियां भी बनाई गई नर्मदा जल योजना नगर में फेल हो चुकी है इस योजना के प्रति लोगों में काफी आक्रोश है

### भेड़ाघाट से नगर में कैसे पहुंचा पानी

जबलपुर जिले के भेड़ाघाट से सीधे नुनसर और नुनसर से सीधे तेंदूखेड़ा पाटन होते हुए पाइप लाइन से पानी लाया गया। इसी लाइन में जुवाइंट कर पाटन नगर को पानी दिया गया। इसके अलावा पाटन के घाट के नीचे सड़क के किनारे पानी पहाड़ पर चढ़ाने के लिए पंप हाउस बनाया जाएगा, साथ ही पंडा बाबा, नगर की सीमा से 400 मीटर आगे पाटन सीमा में ही बगदरीफाल जाने वाली सड़क के दूसरे किनारे पर 52 केएल का ब्रेकप्रेसर टेंक बनाया जाएगा। इसके बाद नगर तक 200 से 250 एमएम की पाइप लाइनों से पानी लाकर नगर में बनी पानी की टंकियों में भरा जाता है। नगर में 3.25 लाख लीटर के दो पानी की टंकी बनाई गई है, जिनमें एक 3 लाख 25 हजार की पानी की टंकी भटरिया एवं दूसरी पानी की टंकी पुराने फिल्टर प्लांट में बनाई गई। इन टंकियों से नर्मदा नदी का पानी नगर के घर-घर में सप्लाई किया जा रहा है।



### शासन ने सात नगर परिषद में पहुंचा है पानी

गौरतलब है कि शासन द्वारा तेंदूखेड़ा सहित कुल 7 परिषदो में नर्मदा नदी से जल प्रदाय करने के लिए करोड़ों रूपए की योजनाएं तैयार कर जबलपुर जिले की मझोली नगर परिषद सहित पाटन, सिहोरा, पनागर, भेड़ाघाट, बरेला एवं दमोह जिले की तेंदूखेड़ा नगर परिषद में घर-घर नर्मदा का पानी पहुंचाया गया । 7 जल प्रदाय परियोजनाओं के लिए भेड़ाघाट में ही वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तैयार किया गया है।

### 5 दिनों से खराब पड़ी नर्मदा जल की शनिवार को हो सकी सप्लाई शुरू-

मन में तीन-चार बार नर्मदा लाइन कहीं ना कहीं भेड़ाघाट से नगर तक आने में टूट जाती है जिसके कारण सुधार कर में दो से तीन दिन भी लग जाते हैं । कभी-कभी 5 दिन भी हो जाते हैं जिससे नगर वासियों को पानी की समस्या होती है। नगर में कई जगह दोनों लाइन जिसमें नर्मदा लाइन एवं तेंदूखेड़ा नगर परिषद की लाइन शामिल है और कई जगह लोगों को दोनों लाइनों में से एक लाइन का भी पानी प्राप्त नहीं हो पा रहा है। नगर के राजकुमार शर्मा कमल नारायण यादव सुदीप त्रिपाठी लखन लाल यादव संजय चक्रवर्ती रत्नेश जैन दीपू रजक सैकड़ों लोगों का कहना है कि घरो मंह केवल 1 घंटे 1 दिन छोड़कर नर्मदा सप्लाई आती है उस्मान भी महीने में कई बार तीन तीन चार चार दिन लाइन खराब रहती है ऐसी स्थिति में हम लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है बारिश में भी पानी की समस्या से हम लोग जूझ रहे हैं नर्मदा जल योजना से बहुत बड़ी उम्मीद नगर वासियों को दिख रही थी नगर वासी सोचते थे कि इससे पानी की समस्या का समाधान मिल जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हो सका है नर्मदा जल योजना सार्थक रूप नहीं ले सकी है जिसके कारण पानी की समस्या बराबर बनी हुई है पांच दिनों से पानी नहीं मिल रहा है।

### कई वार्डो में पानी की विकराल समस्या-

नगर में कई जगह दूषित पानी की वजह से कई लोग उल्टी दस्त पेट दर्द से परेशान हैं वहीं कई वार्डों में लोगों को इस बारिश में पानी तक प्राप्त नहीं हो पा रहा है नगर परिषद की विद्यानगर में होने वाली सप्लाई में मोटर जल जाने के कारण 5--6 दिनों से लोगों को पानी प्राप्त नहीं हो रहा है जिसके चलते वार्डों की महिलाएं नगर परिषद में जाकर खरी खोटी भी सुना आई है विद्यानगर सरस्वती स्कूल के पास कई महिलाओं ने जल सप्लाई व्यवस्था के प्रति अपना आक्रोश जाहिर किया है वही इस समय वार्ड क्रमांक 5 ,8, 9, 10 में टैंकरों से पानी भिजवाया जा रहा है।

### इनका कहना है

नगर परिषद के सीएमओ पीयूष अग्रवाल का कहना है नर्मदा लाइन का सिस्टम फेल हो गया है हमारे पास कई लोगों के फोन आ रहे हैं हम इस संबंध में नर्मदा लाइन की उच्च अधिकारी से बात करते हैं नर्मदा लाइन वालों की वजह से हम लोग परेशान हैं इसका हम स्थाई समाधान निकालते हैं साथ ही हम अपनी पुरानी लाइनों को भी चालू करवाते हैं ताकि लोगों को परेशानी ना हो।

एसडीएम सौरव गंधर्व का कहना है कि जिस जिस जगह पानी मै समस्या आ रही थी उन समस्याओं का निराकरण करने के लिए सीएमओ से बोला है कुँए में ब्लीचिंग पाउडर ,नालियों में दवाएं डलवाई गई हैं इसके अलावा पाइपलाइनो मै यहां जहां लीकेज हैं उनके भी सुधार के लिए मैंने बोल दिया है कुछ जगह लोग चाह रहे हैं कि हमें नर्मदा जल प्राप्त हो तो ,कुछ जगह लोग चाहते हैं कि उन्हे बोर का पानी ही चाहिए ऐसे में लग रहा है की समस्या बन नहीं रही बनाई जा रही है ऐसे में करें तो क्या करें।

## शरीर पर चोटों के निशान फिर भी साधारण रिपोर्ट दर्ज की

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा पुलिस पर शुरू से ही लापरवाहों के आरोप लगते ही रहे हैं कई मौकों पर तेंदूखेड़ा पुलिस की फजीहत भी हुई है लेकिन पुलिस ने अपनी कार्यप्रणाली पर सुधार नही किया।कल तेंदूखेड़ा के वार्ड12 निवासी अट्ठी रैकवार को तेंदूखेड़ा के ही हक्के जैन खमरिया वाले नेशाम करीब 7 बजे घर बुलाकर उसे लाठी डंडो से खूब मारा अट्ठी रैकवार को घायल अवस्था मे उसके परिवार के लोगो के द्वारा तेंदूखेड़ा थाने ले जाया गया जहां पर अट्ठी रैकवार ने खुद के ऊपर हुए हमले की जानकारी पुलिस को सुनाई मगर तेंदूखेड़ा पुलिस ने उसके शरीर पर चोटों के निशान नही दिखाई दिए पुलिस के द्वारा साधारण धारा155 के तहत सादी रिपोर्ट लिख दी और अस्पताल ले जाकर मुलायजा करवा दिया।अट्ठी रैकवार ने सुबह बताया उसको हक्के जैन के 50 हजार रुपये देने थे इतनी राशि का सामान उसने उसकी दुकान से लोहा सीमेंट उठाया था मेने धीरे धीरे करके 45 हजार रुपये दे दिए थे।अभी में काम के सिलसिले में बाहर गया था जिस दरमियान हक्के जैन मेरे घर आया था और मेरी पत्नी के साथ अश्लील हरकत करने को कोशिश मगर मेरी पत्नी ने उसे चप्पल लेकर मारने दौड़ी जहा मेरे घर के सामने रह रहे करसोलिया महराज ने मेरी पत्नी का बचाव किया और हक्के जैन को डांट फटकार लगाई।जब में बाहर गाव से घर आया तो पत्नी ने मुझे इसकी हरकत के बारे में बताया। कल दिनाक18/7/25 की शाम को हक्के जैन के घर के सामने से गुजरा जहा पर यह अपनी दुकान के सामने बैठा था इसने कहा कि मेरे पैसे दे दो नही तो जान से मार देंगे।मेने कहा कि आपने मेरे घर जाकर जो



हरकत की है उसका क्या इतना सुनकर वह मुझे घर के अंदर ले गया और पास में रखी लोहे की राड से मुझे खूब मारा उसने मेरी कमर पर ज्यादा मारा है जिसके निशान मेरे शरीर पर मौजूद हैं।मुझसे चलते नही बन रहा है मेने सारी हकीकत तेंदूखेड़ा पुलिस को बताई मगर उन्होंने मारपीट की धाराएं नही लगाई सिर्फ धारा 155 के तहत रिपोर्ट लिखी हैं जबकि मुझे इलाज की जरूरत है मेरी हट्टी टूट चुकी है।अट्ठी रायकवार को आज उसके परिजन जिला अस्पताल ले गए है जहाँ पर उसका इलाज जारी है।अट्ठी की पत्नी आरती ने पुलिस पर आरोपि को बचाने का आरोप लगाए हैं।उन्होंने कहा कि पुलिस को आरोपी पर मारपीट की धराये लगानी चाहिए मेरे पति की हड्डियां टूटी है चोट के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं।तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी ने बताया है कि पुडित अगर एक्सरे करवाता है ओर यदिक्रेक निकलता है तो धारा बढ़ा दी जाएगी। तेंदूखेड़ा एसडीओपी डीएस ठाकुर ने बताया है कि में थाना प्रभारी को बोलता हूं कार्यवाही करने को।

## जरूरतमंद छात्रों की करेंगे मदद

**दमोह।** आईटीआई दमोह संस्था प्रमुख अभिषेक तिवारी ने बताया कौशल विकास संचालनालय द्वारा प्रांरभ किए गए **RISHTA Initiative** के तहत दिनेश इलेक्ट्रिकल्स, दमोह ने एक जरूरतमंद छात्रा की प्रशिक्षण शुल्क भरकर उसकी शिक्षा में मदद करने का निर्णय लिया है। यह पहल समाज के वंचित वर्गों के लिए शिक्षा को अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से की गई है। इस पहल के तहत जिले के उद्योगों से इस पहल में सम्मिलित होने हेतु और आर्थिक रूप से अक्षम लेकिन कौशल प्रशिक्षण आईटीआई करने के इच्छुक अभ्यर्थियों की शुल्क उद्योग प्रतिनिधियों द्वारा जमा करने हेतु अपील की गई थी। आइटीआई दमोह में अब तक **RISHTA** पहल के तहत 3 छात्रों की प्रशिक्षण शुल्क का भुगतान उद्योगों द्वारा किया जा चुका है। दिनेश इलेक्ट्रिकल्स के इस प्रयास से न केवल छात्रा को अपनी शिक्षा जारी रखने में मदद मिलेगी, बल्कि इससे समाज में भी एक सकारात्मक संदेश जाएगा। दिनेश इलेक्ट्रिकल्स के इस प्रयास की सराहना करते हैं और उन्हें उनके इस नेक कार्य के लिए बधाई देते हैं। हमें विश्वास है कि यह पहल अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगी और समाज में शिक्षा के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## केरियर चयन के साथ नशा मुक्ति का दिया संदेश

**सिंग्रामपुर।** रानी दुर्गावती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैं आज शनिवार को कैरियर मार्गदर्शन एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर जन संवाद का कार्यक्रम रखा गया। स्कूल प्रांगण में 9 से 12वीं अध्ययन छात्र छात्राओं को स्कूली शिक्षा के बाद अपने कैरियर का चयन निर्माण हेतु छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना की जिसमें एसडीओपी तेंदूखेड़ा देवी सिंह ठाकुर सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी राजीव पुरोहित द्वारा जन संवाद कर यातायात के नियम साइबर सेल के बारे में अवगत कराया। मोबाइल के माध्यम से अपनी जानकारी किसी को शेयर मत करें इसके बारे में बताया गया। तेंदूखेड़ा एसडीओपी देवी सिंह नशा



मुक्ति का संदेश देते हुए बच्चों को बताया मोबाइल के जरिए साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। आप लोग सतर्क रहें किसी अनजान फोन को ना उठाएं ना ही किसी को अपनी जानकारी दें। आप सभी बच्चे बच्चियों कि भविष्य मे उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं आप आने वाले समय में अच्छे पदों पर उन्नत हो सभी अधिकारियों ने स्कूली छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन प्रदान करते हुए प्रेरित किया कार्यक्रम में बच्चे बच्चियों के साथ स्कूल स्टाफ के साथ पुलिस की उपस्थित रही।

## असाटी समाज द्वारा भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन

**दमोह।** सकल असाटी समाज द्वारा भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 8 बजे कावड़ पूजन कर कावड़ यात्रा असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन से प्रारंभ होकर बकोली चौराहा,घंटाघर,अस्पताल चौराहा से होते हुए जगह-जगह स्वागत पूजन होगा एवं श्री देव जटाशंकर धाम मंदिर दमोह में यात्रा समापन होगी। और भोलेनाथ का जल अभिषेक किया जाएगा। समापन उपरांत भोजन प्रसादी वितरण होगा। असाटी समाज समिति दमोह ने आप सभी धर्म प्रेमियों से आग्रह है कि इस भव्य एवं विशाल कावड़ यात्रा आयोजन में सपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करें।

## माध्यमिक बालक शाला में हुआ साइकिल वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

शनिवार को नगर के वार्ड क्रमांक 10 में स्थित शासकीय माध्यमिक बालक शाला स्कूल में कक्षा छठवीं के छात्रों को शासन की योजना के अंतर्गत निशुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों व शिक्षकों की मौजूदगी में संपन्न हुआv कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन एवं सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी थे। इस कार्यक्रम में 3से5 किमी की दूर तय कर विद्यालय पहुंचने वाले छात्रों को आज निःशुल्क साइकिल वितरण की गई इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन एवं सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी ने कहा विद्यार्थियों की पढ़ाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासन द्वारा कई तरह की योजनाएं चलाई जा रही है। इसी में से एक साइकिल वितरण एक महत्वपूर्ण योजना है संसाधनों के अभाव में किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई ना छूटे इसलिए निशुल्क साइकिल वितरण की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत मप्र के सभी स्कूलों में इस योजना को सफल बनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती गीत व पूजन कर किया गया। जनप्रतिनिधियों द्वारा सामूहिक रूप से कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों को साइकिल वितरण की गई। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य तेजी सिंह ठाकुर शिक्षक भरत साहू शिक्षक शैलेन्द्र यादव एवं छात्रों के अभिभावक छात्र उपस्थित थे।

# सरकारी बैंकों में दलालों का राज

### ग्रामीणों का नहीं होता बगैर पैसों का कामकाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण कस्बे में निवास करने वाले किसानों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना आदि शामिल है, किसानों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की शाखाएं खोली गई है, मगर अक्सर देखा जाता है कि इन बैंकों में बैठे अधिकारियों की मनमानी के चलते किसानों को शासन की योजनाओं का सही लाभ नही मिल पा रहा है, इसका उदाहरण इस समय हटा नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित बैंकों में आसानी से देखा जा सकता है। जिसको लेकर क्षेत्र के किसानों द्वारा आरोप लगाते हुए बताया है कि इन बैंकों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के किसान बैंक के चक्कर लगाने पर मजबूर हो रहे है। क्षेत्र के कुछ किसानों ने हमारी हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि इन दिनो नगर की यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में संचालित बैंकों में कुछ दलाल काम कराने की दिशा में सक्रिय है। किसान अपना किसान केडिट कार्ड बनवाने के लिये परेशान होते देखे जा रहे है, जिसमे क्षेत्र के कुछ ग्रामीण किसान जो कि खेती किसानी कर अपनी जीविका चलाते आ रहे है, वही किसान क्रेडिट कार्ड को बनवाने के लिए गांव से चलकर शहर पहुंचता है तो अधिकारियों द्वारा उसे कार्ड बनवाने के लिए सीधे दलालों के पास जाने की सलाह दे देते है। जब वह उनके पास पहुंचता है तो सीधे 10 से लेकर 20 प्रतिशत राशि की बात पर ही कार्ड बनाने की बात कही जाती है, इस स्थिति में जब किसान अधिकारियों से चर्चा करते है तो बैकों अधिकारियों द्वारा उस किसान को महिनों तक घुमा घुमाकर परेशान कर दिया जाता है, इस स्थिति में या तो किसान अपना कार्ड बनवाते ही नही है या फिर उसे मजबूरी में बैकों द्वारा पाले गये दलालों की शरण में ही जाना पड़ता है। इस प्रकार के दलाल शहरों की बैंको से लेकर ग्रामीण बैंकों में आसानी से देखने मिल सकते है, जो अधिकारियों के बंगलों से लेकर तहसील में मजबूर किसानों को खोजते फिरते है।

## बांदकपुर तीर्थ स्थल पर गर्भगृह प्रवेश पर रोकः श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत

**बनवार/दमोह** !बांदकपुर के प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ स्थल श्री जागेश्वर नाथ धाम में श्रावण सोमवार को गर्भगृह में प्रवेश को लेकर विवाद हो गया है। प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगा दी है, जबकि भक्त और जनप्रतिनिधि गर्भगृह में प्रवेश की मांग कर रहे हैं। दमोह सांसद राहुल सिंह ने पहले सोमवार को वीडियो जारी कर कहा था कि अगले तीन सोमवार से भक्तों का गर्भगृह में प्रवेश होगा, लेकिन पुलिस अधीक्षक श्रुति कीर्ति सोमवंशी ने कहा कि दूसरे श्रावण सोमवार को पहले की तरह व्यवस्था रहेगी और भक्तों का गर्भगृह में प्रवेश नहीं होगा। भक्तों का कहना है कि बांदकपुर प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ है और यहां परंपरा और मान्यताओं के अनुसार कांवड़ में मां नर्मदा का जल लेकर सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय कर पैदल यात्रा कर कांवरिया बांदकपुर पहुंचते हैं। गर्भगृह में प्रवेश न होने से उनकी धार्मिक और पारंपरिक मान्यताओं पर असर पड़ेगा।

## रुद्राक्ष भगवान शिव जी के आंसुओं से उत्पन्न हुआ जो शिव स्वरूप ही है - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय नंदीश्वर महादेव मंदिर परिसर आम चोपरा में चल रहे श्री शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि रुद्राक्ष, भगवान शिव के आंसुओं से उत्पन्न एक पवित्र फल है। भगवान शिव जब गहन ध्यान में थे, तो उनकी आंखों से निकले आंसुओं से रुद्राक्ष के पेड़ उत्पन्न हुए इसलिए, रुद्राक्ष को भगवान शिव का स्वरूप माना जाता है और इसे धारण करने से आध्यात्मिक और शारीरिक लाभ मिलते है। भगवान शिव एक बार गहन ध्यान में लीन थे ध्यान समाप्त होने पर, जब उन्होंने अपनी आंखें खोलीं, तो उनकी आंखों से आंसू गिरे ये आंसू जहां-जहां गिरे, वहां-वहां रुद्राक्ष के पेड़ उग आए इसलिए, रुद्राक्ष को भगवान शिव के आंसुओं का फल माना जाता है। रुद्राक्ष को भगवान शिव का स्वरूप माना जाता है और इसे धारण करने से आध्यात्मिक शांति और समृद्धि मिलती है। रुद्राक्ष को धारण करने से शारीरिक और मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है रुद्राक्ष को धार्मिक कार्यों में भी उपयोग किया जाता है। जैसे कि माला जपना और पूजा-पाठ करना रुद्राक्ष बुरी नजर और नकारात्मक शक्तियों से बचाने वाला होता है। रुद्राक्ष में औषधीय गुण भी होते हैं और इसका उपयोग विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है। त्रिपुरासुर नामक राक्षस के अत्याचार से देवताओं को बचाने के लिए, भगवान शिव ने गहन ध्यान किया और उनके आंसू गिरने से रुद्राक्ष के पेड़ उत्पन्न हुए एक और कथा में, माता सती के देह त्यागने के बाद, भगवान शिव के विलाप से भी रुद्राक्ष के पेड़ उत्पन्न होने की बात कही गई है। रुद्राक्ष एक पवित्र फल है, जिसका आध्यात्मिक, शारीरिक, धार्मिक और औषधीय महत्व है यह भगवान शिव का स्वरूप माना जाता है। इसे धारण करने से कई लाभ मिलते हैं। भगवान शिव भस्म इसलिए धारण करते हैं क्योंकि यह नश्वरता का प्रतीक है और यह संदेश देता है कि शरीर क्षणभंगुर है और एक दिन राख में मिल जाएगा। भस्म, शिव का एक प्रमुख वस्त्र माना जाता है, और यह भी माना जाता है कि यह शरीर को ठंडा रखता है और त्वचा रोगों से बचाता है भस्म, शवों के दाह संस्कार के बाद बची हुई राख होती है, जो जीवन की क्षणभंगुरता और मृत्यु के अटल सत्य का प्रतीक है। शिव, भस्म लगाकर सांसारिक मोह-माया से परे, वैराग्य और त्याग का जीवन जीने का संदेश देते हैं। भस्म शरीर को ठंडा रखती है और त्वचा रोगों से बचाती है भस्म, भगवान शिव का एक प्रमुख आभूषण माना जाता है और इसे शरीर पर लगाने से शिवजी प्रसन्न होते हैं। भस्म धारण करके शिव यह भी संदेश देते हैं कि मनुष्य को परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना चाहिए इसलिए, भस्म भगवान शिव के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतीक है, जो नश्वरता वैराग्य शुद्धिकरण और परिस्थितियों के अनुसार ढलने का संदेश देता है।

## पड़रिया नवीन माध्यमिक विद्यालय की जर्जर स्थिति



**तेजगढ़।** जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक की नवीन माध्यमिक शाला पड़रिया की स्थिति बहुत खराब है। इस विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक के 44 छात्र पढ़ते हैं, लेकिन विद्यालय के तीनों कमरों की छत से प्लास्टर झड़ रहा है और बीम झुक गई हैं। प्रधान अध्यापक प्रशांत निगम और शिक्षक महेंद्र दीक्षित ने बताया कि विद्यालय की मरम्मत के लिए वर्ष 2025 में जिला पंचायत गोंड खनिज मद से 2,40,000 रुपये आवंटित किए गए थे, लेकिन सरपंच और सचिव ने एस्टीमेट के अनुसार कम राशि होने के कारण मरम्मत कार्य नहीं करवाया। विद्यालय की जर्जर स्थिति से विभागीय अधिकारियों और ग्राम पंचायत को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शिक्षक और ग्राम वासियों ने विद्यालय की स्थिति सुधारने को मांग की है सबसे महत्वपूर्ण सवाल है कि छात्रों की सुरक्षा खतरे ने है , जिसके लिए विभागीय अधिकारियों और प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

## वनवासी समूह की बैठक में आगामी योजनाओं पर चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

सिंग्रामपुर में वनवासी समूह कल्लूमर की समीक्षा बैठक शनिवार को आयोजित की गई। इस बैठक में यूनियन बैंक गुबरा की सखी श्रीमती रागनी राय ने वनवासी समूह की गतिविधियों की सराहना की और समूह के सदस्यों से विस्तार से चर्चा की। श्रीमती रागनी राय ने समूह की अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष से समूह की गतिविधियों और प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समूह के कार्यों की प्रशंसा करते हुए बताया कि यह समूह अपनी गतिविधियों के लिए जाना जाता है, जिसमें बचत, किराना दुकान, मछली पालन, पशुपालन और जैविक दवाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। समूह के सदस्यों ने उनका आभार व्यक्त करते हुए नींबू फल भेंट किए। समूह की अध्यक्ष कविता बाई और कोषाध्यक्ष गंगाबाई ने बैठक में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश ठाकुर की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। बैठक का उद्देश्य समूह की गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करना और सदस्यों को प्रोत्साहित करना था। इस तरह की बैठकों से समूह के सदस्यों को अपनी समस्याओं को साझा करने और समाधान खोजने का अवसर मिलता है, जिससे समूह की समृद्धि और सदस्यों की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है।

